Samvad-hindi-July-sep 2019:Samvad-hindi-2017-7.qxd 31-10-2019 13:06 Page 1

JUBILANT BHARTIA FOUNDATION

# संवाद

गजरौला यूनिट
तिमाही–2

JUBILANT BHARTIA FOUNDATION

जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा त्रैमासिक सामुदायिक न्यूजलेटर अंक – 15 जुलाई–सितंबर 2019

## अंदर के पन्नों में

2
किसान मेला
हर आंगन पेड़
इंजीनियरिंग छात्रों का स्कूल दौरा
सड़क और अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता

3
मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन
अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह
प्रवाह ने मुस्कान प्रोजेक्ट का जायजा लिया
स्वास्थ्य प्रहरी का दौरा
विश्व जनसंख्या दिवस
रक्तदान शिविर

4
बाढ़ राहत कार्य
किरण बेदी एसएचजी सम्मान
पोषण अभियान पर प्रशिक्षण
तस्वीरों में

## जेबीएफ–एचपी प्रोजेक्ट की शुरुआत

गतिविधि का नामः जे बी एफ–एच पी प्रोजेक्ट आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 9 सितंबर, 2019

जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 9 सितंबर 2019 को डिजिटल प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत संस्थापक एवं चेयरमैन एस एस भरतिया, निदेशक सुधा पिल्लई और जेएलएल के अन्य गणमान्य लोगों द्वारा 200 सरकारी स्कूलों में 25 फेलोज के साथ मुस्कान मोबाइल डिजिटल लर्निंग का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल लर्निंग के अवसरों तक पहुंच उपलब्ध कराना और युवा विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।




डिजिटल प्रोजेक्ट की शुरुआत

## जुबिलेंट प्रतिभा पुरस्कार

गतिविधि का नामः जुबिलेंट प्रतिभा पुरस्कार
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 7 अगस्त, 2019

सही दिशा में उठाया गया छोटा कदम भी भविष्य में बड़ा असर पैदा करता है और इसी उद्देश्य के साथ जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 7 अगस्त 2019 को 20 मेधावी छात्रों को 500 रुपये मासिक की छात्रवृत्ति, साइकिल प्रदान की और साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा पूरी करने के लिए छात्रवृत्ति के तौर पर 4 वर्षों के लिए मार्गदर्शन मुहैया कराया जाएगा। इन छात्रों के अलावा उनके माता–पिता, स्कूल शिक्षक और मार्गदर्शकों को मुख्य अतिथि अमरोहा के एसपी डॉ. विपिन टाडा और जेएलएल के यूनिट हेड राधेश्याम सिंह, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित चन्द्रपाल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।




## आरओ प्लांट का उद्घाटन

गतिविधि का नामः धनौरा में आरओ प्लांट की शुरुआत
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 30 सितंबर, 2019

जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 30 सितंबर 2019 को धनौरा में आरओ प्लांट शुरू किया। इस प्लांट का उद्घाटन नगर अध्यक्ष राजेश सैनी, अन्य नगरपालिका सदस्यों और जेएलएल के जीएम–पीआर सुनील दीक्षित द्वारा किया गया। प्लांट का उद्देश्य बेहद सस्ती कीमतों पर सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना है। इसके अलावा अन्य 5 आरओ प्लांट्स की भी स्थापना की जा रही है।




Samvad-hindi-July-sep 2019:Samvad-hindi-2017-7.qxd 31-10-2019 13:06 Page 2



## पंतनगर के किसान मेले में किसानों की दिलचस्पी

गतिविधि का नामः किसान मेले का आयोजन

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 27 सितंबर, 2019





जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 27 सितंबर 2019 को गजरौला क्षेत्र के 60 किसानों को पंतनगर में आयोजित किसान मेले में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। यह उद्यमियों, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों, कीटनाशकों, उर्वरकों, ऑर्गनिक मेन्योर, इक्विपमेंट एवं टूल्स के साथ किसानों के लिए एक सालाना मेला है। यह मेला किसानों को कृषि के संबंध में जानकारी के आदान–प्रदान के लिए उपयुक्त मंच प्रदान कराता है।

## हर आंगन पेड़– हरेक बच्चे के लिए पेड़

गतिविधि का नामः हर आंगन पेड़

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 30 जुलाई, 2019



30 जुलाई 2019 को शुरू हुई महीने भर चलने वाली इस गतिविधि में जेबीएफ ने गजरौला ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में हर आंगन पेड़ का आयोजन किया। यह गतिविधि यूपीएस सरकारी स्कूल, भीकनपुर से शुरू की गई थी। यूनिट हेड, जेएलएल राधेश्याम सिंह, जीएम–पीआर, जेएलएल सुनील दीक्षित और पॉल्युशन बोर्ड के लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और छात्रों को उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों की जिम्मेदारी लेने तथा प्रदूषण को कम करने के लिए और ज्यादा पेड़ लगाने को कहा गया।

## जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन का स्नातक इंजीनियर प्रशिक्षण भ्रमण

गतिविधि का नामः इंजीनियर छात्रों का स्कूल दौरा

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 16 जुलाई, 2019





16 जुलाई 2019 को ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी एंड मैनेजमेंट ट्रेनी 2019 ने सरकारी स्कूलों का दौरा किया एवं स्कूल परिसर में वृक्ष रोपण किया और आंगनवाड़ी, जे बी एफ मेडिकल सेंटर और वीटीपी सेंटर का दौरा किया। सिलाई केंद्र की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों के साथ उनकी मुलाकात बेहद प्रेरक थी।

## सड़क और अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

गतिविधि का नामः सड़क और अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 6–7 अगस्त, 2019





जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने लोगों को सड़क और अपने घरों में आग से होने वाले हादसों से बचने के लिए महत्वपूर्ण उपायों और तरीकों के बारे में जानकारी देने के लिए 6 और 7 अगस्त 2019 को सड़क एवं अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नाईपुरा और भीकनपुर गांवों में किया गया और इसमें 200 लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें जुबिलेंट के सुरक्षा विभाग और पुलिस ने रोड एंड फायर सेफ्टी पुलिस पर सत्र का आयोजन किया और उन सभी हादसों को प्रदर्शित करने की कोशिश की जो हमारे द्वारा सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने पर हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में यह समझाया गया कि सड़क और घर पर हादसों से स्वयं को और दूसरों को बचाने के लिए किस तरह से सतर्कता बरतने की जरूरत है।

## मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

गतिविधि का नामः मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 30 अगस्त, 2019





जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 30 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के जी बी वी) में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जेबीएफ एमसी में एमबीबीएस डॉ. सीमा गुप्ता ने मासिक चक्र, स्वच्छता प्रबंधन, पोषण की जरूरत, मासिक धर्म के दौरान कपड़ों के बजाय सैनिटरी पैड के इस्तेमाल, मासिक धर्म से जुड़ी गलत भ्रांतियों और मासिक धर्म के दौरान स्कूल से छुट्टी नहीं करने जैसे मुद्दों पर जोर दिया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष पूनम सिंह और इनर व्हील क्लब की सचिव भावना मेहरा ने सैनिटरी नैपकिंस के इस्तेमाल के बारे में समझाया। जे बी एफ ने मासिक चक्र के दौरान लड़कियों को होने वाली परेशानी दूर करने के उद्देश्य से किशोरियों को 100 सैनिटरी नैपकिंस के पैकेट वितरित किए।

Samvad-hindi-July-sep 2019:Samvad-hindi-2017-7.qxd 31-10-2019 13:06 Page 3



# अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह समारोह

गतिविधि का नामः स्तनपान सप्ताह का आयोजन आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 5 अगस्त, 2019




जेबीएफ एमसी में अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह का आयोजन सभी माताओं के बीच स्तनपान को बढ़ावा देने और नवजात बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के मकसद से आयोजित किया गया। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने इनर व्हील क्लब के साथ मिलकर 5 अगस्त 2019 को स्तनपान सप्ताह मनाया और इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रहरी, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों, जेबीएफ एमसी में एमबीबीएस डॉ. सीमा गुप्ता और इनर व्हील की अध्यक्ष पूनम सिंह तथा इनर व्हील क्लब की सचिव भावना मेहरा ने सभी माताओं को बच्चे के समग्र विकास में स्तनपान, माताओं के लिए जरूरी पोषण और स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किए जाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। फाउंडेशन और इनर व्हील ने स्वस्थ बच्चों को जॉनसन के किट वितरित किए।

## प्रवाह ने मुस्कान फेलोशिप परियोजना का जायजा लिया

गतिविधि का नामः प्रवाह का दौरा
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 20 सितंबर, 2019




ट्रेनिंग एजेंसी प्रवाह ने 20 सितंबर 2019 को गजरौला में 10 मुस्कान फेलोज का दौरा किया। ये मुस्कान फेलोज मुस्कान फेलोशिप प्रोजेक्ट के तहत गजरौला के 18 सरकारी स्कूलों में 300 कमजोर छात्रों की गणित और अंग्रेजी की कक्षाएं ले रहे हैं। इस अवसर पर युवाओं और छात्रों को सीखने और प्रगति करने के लिए कुछ विचार भी साझा किए गए।

## स्वास्थ्य प्रहरी का एनआरसी दौरा

गतिविधि का नामः स्वास्थ्य प्रहरी का दौरा
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 27 जुलाई, 2019




27 जुलाई 2019 को जेबीएफ की स्वास्थ्य टीम ने कुपोषण की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किया। इस टीम में स्वास्थ्य कॉर्डिनेटर और स्वास्थ्य प्रहरी शामिल हैं। जेबीएफ ने स्वास्थ्य कॉर्डिनेटरों और स्वास्थ्य प्रहरियों के साथ मिलकर न्यूट्रीशन रीहैब्लिटेशन सेंटर (एनआरसी), डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, अमरोहा का दौरा किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर सी शर्मा, कई अन्य गणमान्य लोगों तथा एनआरसी विभाग ने सभी स्वास्थ्य प्रहरियों को सम्बोधित किया, कुपोषण के बारे में जानकारी साझा की, क्षेत्र में कठिन हालात से मुकाबला करने के तरीके सुझाए और सभी स्वास्थ्य प्रहरी को कुपोषण के किसी भी मामले को प्रत्यक्ष तौर पर एनआरसी, अमरोहा भेजने की अनुमति दी।

## विश्व जनसंख्या दिवस 2019

गतिविधि का नामः विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 11 जुलाई, 2019




जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन और परिवार नियोजन विभाग ने 11 जुलाई 2019 को गजरौला के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में उपस्थित सभी आशा कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन उपायों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में परिवारों को स्वस्थ एवं सुखी परिवार को बढ़ावा देने के लिए परिवार नियोजन उपायों, संस्थागत प्रसव, गर्भ–निरोधक, और पुरुष नसबंदी के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सीएसआर हेड डॉ. एम. एस. रे ने अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने वाली और पिछले 6 महीनों में ज्यादा संख्या में संस्थागत प्रसव कराने वाली वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

गतिविधि का नामः रक्तदान शिविर का आयोजन
आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 1 जुलाई, 2019



जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन (जेबीएफ) ने लोगों को स्वेच्छिक तौर पर रक्त दान के प्रति प्रेरित करने के लिए 1 जुलाई, 2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिससे कि रक्त की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके। जेबीएफ ने गजरौला स्थित जुबिलेंट लाइफ साइंसेज लिमिटेड में ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 28 कर्मचारियों ने इस शिविर में हिस्सा लिया और 28 यूनिट रक्त दिया।

# पतेई एमन (गांव) में बाढ़ राहत कार्य

गतिविधि का नामः बाढ़ राहत कार्य में मदद

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 22 अगस्त, 2019



22 अगस्त, 2019 को भरतियाग्राम जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने रोटरी क्लब भरतियाग्राम के साथ मिलकर उन लोगों की मदद की जो बाढ़ की वजह से अपने घर, मवेशी और अन्य महत्वपूर्ण सामान गंवा चुके हैं। गेहूं, चावल, तेल, दाल और नमक जैसी जरूरी चीजें गांव के प्रभावित परिवारों को वितरित की गईं।

# कौशल विकास विभाग द्वारा किरण बेदी एसएचजी को सम्मान

गतिविधि का नामः किरण बेदी एसएचजी सम्मान

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, तारीखः 15 जुलाई, 2019

किरण बेदी–जेबीएफ, सेल्फ हेल्प ग्रुप वूमेन ने श्रेष्ठ लर्निंग स्टाइल्स और कार्य करने के आकर्षक तरीके के लिए उत्तर प्रदेश के कौशल विकास विभाग द्वारा सम्मान पाकर पूरे देश की अन्य एसएचजी समूहों के लिए कीर्तिमान स्थापित किया है। इन महिलाओं ने सिलाई केंद्र स्थापित किया और इसे अपनी आजीविका चलाने तथा आय के नियमित स्रोत के तौर पर एक छोटे आकार के व्यवसाय में तब्दील किया।



# पोषण अभियान– डीआरजी पर प्रशिक्षण

गतिविधि का नामः पोषण पर प्रशिक्षण

आयोजकः जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन

तारीखः 21–22 अगस्त, 2019



पोषण अभियान पर प्रशिक्षण

पोषण अभियान को एमओडब्ल्यूसीडी द्वारा अस्तित्व में लाए जाने से पहले, जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने अपने मोबाइल एप्लीकेशन के जरिये कुपोषण से निपटने की दिशा में काम किया और कई मामले घर पर स्थानीय रूप से उपलब्ध पोषक आहार को ध्यान में रखते हुए न्यूट्रीशनल रीहैब्लिटेशन सेंटर (एनआरसी) तथा काउंसिल मदर्स के पास भेजे। 21 और 22 अगस्त 2019 को जेबीएफ एमसी में डॉ. नितिन रॉय ने पोषण अभियान पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जिला पोषण अभियान टीम को मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी जिसके जरिये जेबीफ कुपोषण के मामलों का विश्लेषण करता है और उन्हें एनआरसी भेजता है, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के लिए पोषण जरूरत के बारे में परामर्श मुहैया कराता है।

## तस्वीरों में

### मुस्कान फेलोशिप–जेवाईडीपी



### निरोग बचपन



### ग्राम स्वास्थ्य शिविर और स्कूल स्वास्थ्य शिविर



### कम्युनिटी इंटरफेस बैठक



### कृषि चौपाल



### कुपोषण से मुकाबले की तैयारी

